Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to construct a stretch of 600 meter near Labha railway station on N.H. 81 in Katihar Parliamentary Constituency.

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): अध्यक्ष महोदय, आपने बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार में एन.एच. 81 मणिया से लाभा तक लगभग 24.5 किलोमीटर है। यह सड़क पश्चिम बंगाल को जोड़ती है और कटिहार शहर को बंगाल से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण सड़क है। इस सड़क पर 24.5 किलोमीटर का कार्य पूरा हो गया है, लेकिन लाभा रेलवे स्टेशन के पास केवल 600 मीटर सड़क नहीं बनी है, जिसके कारण यह सड़क अवरूद्ध है। आपके माध्यम से, माननीय पथ परिवहन मंत्री जी से मैं मांग करता हूं कि इस सड़क को अविलम्ब बनाया जाए। धन्यवाद।